भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1481
(जिसका उत्तर मंगलवार, 20 दिसम्बर, 2022/29 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाना है)

भारतीय रुपये के मूल्य में गिरावट

1481. श्री जावेद अली खान:
श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय रुपया हाल ही में 83/- रुपये प्रति डॉलर से नीचे गिर गया है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) पिछले छह महीनों के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में गिरावट का ब्यौरा क्या है और पिछले छह महीनों के दौरान दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की मुद्राओं में गिरावट का देश-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की अप्रत्याशित गिरावट को रोकने में सरकार की विफलता के क्या कारण हैं?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): 20 अक्टूबर, 2022 को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की विनिमय दर 83.20 रुपये प्रति डॉलर (संदर्भ दर) थी।

(ग): पिछले छह महीनों के लिए भारतीय रुपये/अमरीकी डॉलर विनिमय दर (मासिक औसत) की चाल इस प्रकार है:

माह	**अमरीकी डॉलर/भारतीय रुपये संदर्भ दर**
जून-22	78.07
जुलाई-22	79.60
अगस्त-22	79.56
सितम्बर-22	80.23
अक्तूबर-22	82.34
नवम्बर-22	81.81

स्रोत: आरबीआई

इसके अलावा, जून से नवंबर 2022 की अवधि में, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए और दुनिया एवं दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं की चाल इस प्रकार है:

देश	**बदलाव (%में)**
भारतीय रुपया	-4.7
ऑस्ट्रेलियन डॉलर	-5.4
ब्रिटिश पाउंड	-4.3
कैनेडियन डॉलर	-5.7
चीनी रॅन्मिन्बी	-5.9
यूरो	-3.1
इंडोनेशियाई रुपिया	-7.3
जापानी येन	-6.8
मलेशियाई रिंग्गित	-1.5
फिलीपीन पेसो	-7.4
सिंगापुर का डॉलर	0.6
दक्षिण अफ़्रीका रैंड	-9.1
दक्षिण कोरियाई वॉन	-6.1
थाई बहत	-3.0

स्रोत: आरबीआई।

टिप्पणी: ऋणात्मक मूल्यह्रास को दर्शाता है।

(घ): रुपए का मूल्य बाजार निर्धारित करता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) विदेशी मुद्रा बाजारों की बारीकी से निगरानी करता है और बिना किसी पूर्व-निर्धारित लक्ष्य स्तर या बैंड के संदर्भ के, विनिमय दर में अत्यधिक अस्थिरता को नियंत्रित करके केवल बाजार की व्यवस्थित स्थिति बनाए रखने के लिए ही हस्तक्षेप करता है।

******